दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं

NBT
संडे नवभारत टाइम्स

गौड़ यमुना सिटी में शुरू हुआ नया स्कूल

स्कूल में अभी नर्सरी से लेकर पांचवीं तक की कक्षा तक शुरू होगी

■ एनबीटी न्यूज, ग्रेनो : ग्रेनो में यमुना एक्सप्रेसवे स्थित गौड़ यमुना सिटी में शनिवार को गौड़ इंटरनैशनल स्कूल का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस दौरान गौड़ ग्रुप के चेयरमैन बीएल गौड़, एमडी मनोज गौड़ और डायरेक्टर मंजू गौड़ उपस्थित रहीं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जेवर एमएलए धीरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम शिक्षा को हर जगह लेकर पहुंचे और स्कूल जैसे मंदिर का निर्माण कर बच्चों के भविष्य को उज्वल बनाएं। स्कूल अभी नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक शुरू होगी और जल्द ही छठीं, सातवीं और आठवीं कक्षा की भी कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री की मुहिम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहीम का ध्यान रखा जाएगा। स्कूल अपने ग्रेनो वेस्ट स्थित ब्रांच में 320 से ज्यादा जरूरतमंद छात्राओं को शिक्षा के साथ अन्य सुविधाएं भी दे रहा है। स्कूल का यह ब्रांच पिछले 6 साल से संचालित है, जिसमें लगभग 3200 से भी ज्यादा स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं।

■ ग्रेनो वेस्ट स्थित ब्रांच में 320 से ज्यादा छात्राओं को शिक्षा के साथ अन्य सुविधाएं भी दे रहा